## खबर संक्षेप

### पशु कल्याण जागरुकता शिविर का आयोजन आज

**कटनी।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरुकता शिविर का आयोजन गुरूवार 20 फरवरी 2025 को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत गैतरा में प्रात 9 बजे से किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांण्डेय एवं विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर दिलीप कुमार यादव करेंगे तथा कार्यक्रम में दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सोनी ने बताया कि शिविर में निःशुल्क पशु उपचार, रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण खुरपका मुंहपका एफ एम डी रोग, का टीकाकरण कुत्तों में रेबीज रोग का टीकाकरण बैलों का बधियाकरण एवं गायों में कृत्रिम गर्भाधान कार्य किया जायेगा। पशुओं के कल्याण हेतु पशुपालकों की जागरूकता गोष्ठी भी रखी जाएगी। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पशुपालकों से अपने पशुओं के साथ भाग लेने का अनुरोध है

### मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरित करेंगे लैपटॉप की राशि



**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे। ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है।

### कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन राज्य सरकार की बेवसाइट में निर्धारित शुल्क 200 रुपये पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि गुरूवार 20 फरवरी है। पूर्व में यह तिथि 15 फरवरी नियत की गई थी, जिसे संशोधन कर अब 20 फरवरी तक बढ़ाई गई है। इसके अलावा परीक्षा रविवार 9 मार्च को प्रातः 9.45 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जावेगी। प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र- छात्राएं अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन या कियोस्क सेंटर पर जाकर कक्षा 7 वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र एवं आरक्षण श्रेणी एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तथा विकलांग श्रेणी के छात्र- छात्राएं अपनी श्रेणी से चयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन का आधार जाति है, ध्यान पूर्वक दर्ज करायें। विद्यार्थी को आरक्षित श्रेणी से चयनित होने पर सक्षम अधिकारी का मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। छात्र को पासपोर्ट साइज की कलर फोटो, जिसमें छात्र का नाम, खिचवाने की दिनांक अंकित होना चाहिये।

### पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही पर कलेक्टर ने की सख्त कार्रवाई

# लापरवाही पर एक्शनः दो अधिकारियों को नोटिस, फार्मासिस्ट पर निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की विशेष मौजूदगी में बीते मंगलवार को तहसील बरही के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही के फार्मासिस्ट ग्रेड-2 श्री दीपक बसोर के अनुपस्थित रहने और कर्तव्य से हमेशा गायब रहने का मामला संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्री यादव ने इसे गंभीरता से लेते हुए फार्मासिस्ट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने निर्देश दिए थे।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही में निलंबन अवधि में फार्मासिस्ट ग्रेड-2 दीपक बसोर का मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद नियत किया गया है। निलंबन काल में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



#### इनको जारी हुआ नोटिस

तहसील प्रांगण बरही में मंगलवार 18 फरवरी को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा उपस्थिति पंजी के निरीक्षण के दौरान डॉ भारती सिंह (चिकित्सा अधिकारी) सामु.स्वा. केन्द्र बरही के अनुपस्थित रहने और जनसुनवाई उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर नही पाया था। इस पर कलेक्टर ने इस कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के.अठ्या द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जबकि एक अन्य मामले में तहसील प्रांगण बरही में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान दो व्यक्तियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही में पदस्थ आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव गुप्ता द्वारा सामान्य पर्चे पर 390 रूपये मूल्य की दवाईयां बाहर से मंगाये जाने तथा एलोपैथिक दवाइयों से मरीजों का उपचार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उक्त कृत्य को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के.अठ्या द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस में जवाब तत्काल समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने का लेख किया गया है। जवाब समय अवधि में प्राप्त न होने की स्थिति में म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।



## हादसे रोकने किये गए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस प्रयास कर रही है। ग्राम द्वारा बायपास पर दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होने पर थाना प्रभारी यातायात अपने बल एवं बस स्टैंड चौकी प्रभारी अपने बल के साथ मौके पर पहुंचे बस में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया एवं क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को निकाल कर सुरक्षित खड़ा कराया गया। मौके पर ही द्वारा गांव मोड़ के कट प्वाइंट पर 06 लेयर व्हाइट रेडियम रंबल स्ट्रिप बनवाई गई ताकि भविष्य में उक्त स्थान पर घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व

**कटनी।** प्रयागराज में महाकुंभ मेले में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों का आवागमन जिले की रेल मार्ग से होने को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित समस्त रेल्वे स्टेशन एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में प्रयागराज आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को निर्धारित दरों में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने हेतु 3 शिफ्ट में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। जारी आदेश अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनमानी की प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक, बृजेश विश्वकर्मा की सायं 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक, ओम प्रकाश साहू की रात्रि बजे से रात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक महाकुंभ मेला कार्यक्रम समाप्ति तक दायित्व सौंपा गया है।

*इस बार किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा*

## प्रधानमंत्री 24 फरवरी को करेंगे किसान सम्मान निधि की किश्त का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार, 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का वितरण करेंगे। इससे कटनी जिले के कृषक भी लाभान्वित होंगे। इस बार किस्त वितरण दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में भी मनाया जाएगा। योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

आयुक्त भू अभिलेख के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम के प्रसारण तथा समस्त ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

#### किस्त का महत्व

योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान को 2,000 की राशि मिलेगी। यह राशि बीज, खाद और अन्य कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। योजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है।

#### योजना के लाभ

इस योजना ने किसानों को कई तरह से लाभान्वित किया है। इसके तहत आर्थिक सहायता छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना। सीधा लाभ हस्तांतरण होनें के कारण पैसे सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किए जाते हैं, जिससे बिचौलियों का खतरा खत्म हो जाता है। यह राशि बीज, खाद और उपकरण खरीदने में मदद करती है जिससे कृषि उत्पादन में सुधार होता है। यह योजना किसानों को वित्तीय संकट से बचाने में सहायक है।

#### पात्रता मानदंड

योजना के तहत आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए। केवल छोटे और सीमांत किसान ही पात्र हैं।सरकारी कर्मचारी, उच्च आय वाले व्यक्ति और पेंशन भोगी इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं इसके अलावा वकील, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य पेशेवर भी इस योजना का लाभ नहीं उठा सकते।

#### जरूरी दस्तावेज़

योजना का लाभ पाने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, भूमि रिकॉर्ड, मोबाइल नंबर, ई-केवाईसी प्रमाणपत्र, जरूरी है। ई-केवाईसी प्रक्रिया से केवल पात्र किसान को ही इस योजना का लाभ मिलता है यह प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से पूरी की जा सकती है। बिना ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी किए कोई भी लाभार्थी अगली किस्त प्राप्त नहीं कर सकता।

## स्टेशन में यात्रियों को न हो परेशानी, पुलिस मुस्तैद



रेलवे स्टेशन में यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने एवं व्यवस्थाओं का दुरूस्त रखने के लिए आरपीएफ एवं जीआरपी के पुलिस कर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ जुटे हुए हैं। प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े एवं ट्रेनों में सुरक्षित रूप से यात्रा कर सकें इसके लिए स्टेशन के प्रवेश द्वार से लेकर रेलवे कोचों के बाहर आरपीएफ एवं जीआरपी कर्मचारी तैनात रहकर व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।

## एनसीसी केडिटों का कुछ सामान आटो में छूटा, पुलिस ने तलाश कर वापस दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस की सक्रियता के चलते एनसीसी कैडेट का सामान वापस मिल सका। उनका सामान किसी आटो में छूट गया था। जानकारी के अनुसार बस स्टैण्ड चौकी पहुंचकर एनसीसी टीचर एवं कैडेट ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनका कुछ सामान किसी ऑटो में छूट गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कैमरे की फुटेज खंगालते हुए कुछ देर में ही ऑटो को ढूंढ निकाला एवं बच्चों के समान को ऑटो चालक के घर से बरामद करते हुए उन्हें लौटा दिया। बस स्टैंड चौकी पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही के कारण एनसीसी के बच्चों के चेहरे खिल उठे।



चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार की दोपहर एनसीसी टीचर के साथ लगभग 6 एनसीसी कैडेट चौकी पहुंचे और उन्होंने अपना सामान ऑटो में ही छूट जाने की जानकारी दी। सामान गुम हो जाने के कारण बच्चे बेहद परेशान थे। एनसीसी के बच्चों की परेशानी को देखते हुए तत्काल टीम लगाकर ऑटो की तलाश करने के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक कराए गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऑटो की पहचान होते ही तत्काल ऑटो की तलाश शुरू की गई। कड़ी मशक्कत के बाद ऑटो चालक को ढूंढ निकाला गया। आटो क्रमांक एम.पी. 21 आर 0739 की जानकारी प्राप्त कर आटो चालक से पुछताछ करते हुए आटो चालक के घर से एनसीसी के बच्चों का आवश्यक सामान ऑटो चालक के घर से बरामद किया गया और बच्चों को लौटाया गया। अपना गम हुआ सामान सुरक्षित वापस पाकर बच्चो ने बस स्टैंड चौकी पुलिस की त्वरित कार्यवाही के लिए चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड योगेश मिश्रा, सउनि दीपेन्द्र शर्मा, आरक्षक क्रमांक अनमोल सिंह का आभार व्यक्त किया।

*भूमि स्वामी ने कलेक्टर एवं एसडीएम से की शिकायत*

## निजी जमीन से रेत का बेजा उत्खनन विरोध करने पर मारपीट पर उतारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान और ढीमरखेड़ा के बीच शुक्ल पिपरिया गांव में रेत माफिया निजी जमीन पर रेत का अवैध खनन कर रहे है। जमीन मालिक ने जब इसका विरोध किया तो माफियाओं ने उसकी बातों को भी दरकिनार कर सुबह से शाम तक धडल्ले से रेत की तस्करी करने में जुटे है। जमीन मालिक ने खनिज अधिकारी,एसडीएम से लेकर कलेक्टर तक शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा तहसील के शुक्ल पिपरिया गांव में खसरा नंबर 2 और 4 रकवा नंबर 0.53 और 0.54 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में गांव के ही डोरी लाल बर्मन के परिवार में नाम पर दर्ज है। यहाँ निजी जमीन पर माफिया बीते दो सालों से अवैध खनन कर रहे है। यदि जमीन मालिक इसका विरोध करते है तो उन्हें मारपीट करने की धमकी दी जाती है। माफियाओं ने इतना गहरा गड्ढा बना दिया है कि यहाँ कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। ग्रामीणों को आवाजाही के लिए रास्ता भी नहीं बचा है। वहीं मवेशियों के गिरने का खतरा भी बढ़ गया है। यहाँ माफियाओं के द्वारा रेत का खनन कर अन्य किसान की निजी जमीन से ट्रैक्टर ट्रॉली निकालते हैं,जिससे कि रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस किसान की जमीन से रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली निकालते है,इसके एवज में उस किसान को रुपये भी देते हैं। अधिकारियों की मिलीभगत के कारण बेखौफ रेत माफिया बेलकुण्ड, मौरी, दतला नदियों और लोगों की निजी जमीनों से भी रेत चुरा रहे हैं।



#### ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

नदियों से हो रहे रेत के अवैध खनन और परिवहन को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित किया। जिसके बाद ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने शुक्ल पिपरिया में रेत का अवैध खनन करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। तहसीलदार ने बताया कि शुक्ल पिपरिया में अवैध रूप से रेत का खनन किया जा रहा था। मौके पर पहुँचकर पूछताछ की गई और कागजात मांगे गए, लेकिन चालक कुछ भी नहीं बता सका। जिसके बाद तहसीलदार ने रेत से भरी लाल रंग की ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर उमरियापान पुलिस थाना परिसर में खड़ा कराया है। कार्रवाई का प्रतिवेदन एसडीएम को भेजा है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति लाने ढीमरखेड़ा में हुई समीक्षा बैठक

## योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरती तो कार्यवाही तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्र सरकार और राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के पात्र हितग्राहियों को प्रदान करने हेतु जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत के निर्देश पर मंगलवार को देर शाम तक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



#### पंचायतवार ली जानकारी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने मनरेगा, 15वें वित सहित जिला,जनपद, सांसद विधायक एवं अन्य मदों से स्वीकृत निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों की उपयंत्री वार और ग्राम पंचायत वार विस्तार से समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में पूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पंचायत समन्वय अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं के शाखा प्रभारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

#### समीक्षा कर दिये निर्देश

जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने समय सीमा, जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन, सीएम मानिट में प्राप्त शिकायतों, लबित पत्रों, एवं जांच प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हुए तत्परतापूर्वक विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सर्वेक्षण सहित पंजीयन एवं आवास पूर्णता समय सीमा में कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, वाटरशेड, आवास ई केवाईसी, ई ऑफिस, आयुष्मान कार्ड, नवीन गौशाला का चयन, धरती आभा, निर्माण कार्यों के भुगतान एवं अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दिए।

#### तो स्वयं होंगे उत्तरदायी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि जिला प्रशासन एवं जिला पंचायत से प्राप्त निर्देशों के अनुसार नियत समय पर आवश्यक कार्यवाहियां करें। जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जावे अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने हेतु आप सभी स्वयं उत्तरदाई होंगे।

## शासकीय आईटीआई में युवा संगम रोजगार मेला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेरोजगार आवेदकों को रोजगार से जोड़नें हेतु एक छत के नीचे रोजगार की सुधिा उपलब्ध करानें हेतु एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप का जिला स्तरीय मेले का आयोजन गुरूवार 20 फरवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई रोशन नगर कटनी में प्रातः 10 बजे से किया जाना है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सरकार की रोजगार, स्वरोजगार की मंशा को दृष्टिगत रखते हुए एवं रोजगार मेले में अभ्यर्थियों की सहभागिता की सुविधा की दृष्टि से लिंक एवं क्यू आर कोड के माध्यम से भी पंजीयन की व्यवस्था प्रदान की गई है।

प्राचार्य शासकीय आईटीआई ने बताया कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला प्रशासन, शासकीय आई.टी.आई., जिला रोजगार कार्यालय एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोजगार मेले मेले में विभिन्न प्रकार की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं दूसरी ओर उनहे स्वरोजगार से जोड़नें हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार संबंधी जानकारी भी प्रदाय की जाकर जिले एवं बाहरी जिलों कंपनियों मे अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जायेगा। स्वरोजगार हेतु (आयु 18 से 45 वर्ष) ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा भी युवाओं को जानकारी प्रदान की जा कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जायेगे।

## खबर संक्षेप



### मंत्रोच्चार के साथ कराया गया मंदिरों का शिलान्यास

**कटनी।** चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में तीर्थ चक्रवर्ती प.पू.मुनि पुंगव 108 सुधा सागर महाराज ने 24 मंदिरों का शिलान्यास मंदिर पुर्ण्याजकों को आर्शीवाद के साथ पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल ब्रम्हचारी प्रदीप भैया सुयश द्वारा किया गया पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, विन्नी जैन, दीपू जैन, पंचम जैन, मनीष जैन बड्डे, शैलेन्द्र जैन-शैलू ने बतलाया कि चेतनोदय में 24 जिन मंदिरों का निर्माण समाज के श्रेष्ठीजनों के सहयोग से शीघ्र प्रारंभ हो रहा है जिसके पूरा होते ही अंन्तराष्ट्रीय जैन जगत में कटनी नगर का नाम धर्मनगरी के नाम से जाना जावेगा। दोपहर में महोत्सव में विभिन्न समितियों के सदस्यों द्वारा जो अथक प्रयास किये गये उसके लिए सभी समाजसेवियों का सम्मान समारोह मुनिश्री सुधा सागर महाराज के आर्शीवाद के साथ सम्पन्न हुआ तत्पश्चात कोतवाली टी.आई. आशीष शर्मा के साथ समस्त स्टॉफ के साथ मुनिश्री से आर्शीवाद लिया।

### नगर निगम में आज होगा कन्या विवाह का आयोजन

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह योजनांतर्गत आज 20 फरवरी गुरुवार को नगर पालिक निगम कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी कर सभी अधिकारी कर्मचारियों को पात्र वर वधु के विवाह संपादन हेतु प्रमाण पत्र वितरण, चेक वितरण, टेंट ,फूल-माला,पूजन सामग्री, पर्याप्त बैठक व्यवस्था, पेयजल, भोजन, विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइन, मोबाइल टॉयलेट, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण इत्यादि के दायित्व सौंपते हुए सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।

### धरे गये तीन जुआरी, 2150 रूपए नकदी जब्त



**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर सुखचैन चक्रवर्ती के घर के बाहर शारदा मंदिर के पीछे ग्राम तेवरी मे घेराबंदी कर जुआ फड़ में छापा मार कार्यवाही की। इस दौरान पुलिस ने रामकिशोर पिता पहलादी बसोर 33 साल, नीरज पिता ज्वाला प्रसाद मिश्रा 51 साल एवं जिया लाल पिता गोला आदिवासी 45 साल निवासी बिचुआ थाना को घेराबंदी कर तास पत्तो से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पकडा। जिनके पास से 2150 रूपये एवं 52 तास पत्ते , 2 मोबाईल एवं 3 मोटर सायकिल जप्त करते हुये आरोपियो के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट, 49 बी एन एस के तहत कार्यवाही की गई ।

### तिलक कॉलेज में दिया विद्यार्थियों को प्रशिक्षण

**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में पौधप्रसारण के अंतर्गत फलों एवं फूलों की संख्या बढ़ाने के लिए बीज या वनस्पति तरीको का प्रयोग किया जाता है इसकी दो विधियां हैं लैंगिक या बीज द्वारा प्रसारण तथा अलैंगिक या वानस्पतिक प्रसारण उनके गुण दोष लाभ तथा हानि की जानकारी दी गई।

---

### जिला दण्डाधिकारी ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

# जिले में 10वीं एवं 12वीं के 26837 विद्यार्थियों के इम्तिहान का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा सत्र 2025 हेतु जिले में संचालित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की 25 एवं 27 फरवरी 2025 से 25 मार्च 2025 तक संचालित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री यादव ने यह प्रतिबंधात्मक आदेश वर्तमान मे विवाह एवं अन्य उत्सवों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होने से परीक्षाओं तथा विद्यार्थियों के विद्या अध्ययन में बाधा उत्पन्न होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जारी किया है।

#### 7 परीक्षा केन्द्रों संवेदनशील

जिले में कुल 97 परीक्षा केन्द्र है जिसमें 7 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील बनाया गया है। जिसमें पृथक से प्रेक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस



व्यवस्था की गई है। जिले में हाईस्कूल कक्षा 10 वीं में 14 हजार 926 नियमित एवं 655 स्वाध्यायी परीक्षार्थी एवं हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की परीक्षा में 10 हजार 536 नियमित एवं 720 स्वाध्यायी परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है।

#### 100 गज की दूरी तक प्रतिबंध

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति या समूह परीक्षा के दो घंटे के पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक अनाधिकृत व्यक्तियों के बेमतलब प्रवेश व घूमने, कागज या अन्य वस्तुओं का वितरण या प्रचार प्रसार ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिसका प्रयोग आक्रामक आयुध के रूप मे किया जा सकता है तथा अवांछनीय गतिविधियों पर परीक्षा केंद्र के 100 गज की दूरी के अंदर तक का क्षेत्र प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि पर 5 या उससे अधिक लोगो की अनाधिकृत मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी।

#### रात्रि 10 से 6 बजे नहीं बजेंगे लाउड स्पीकर

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार किसी भी अनुमत्य कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एवं म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10(2) को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा सकेगा। इस दौरान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन किया जाना जरूरी होगा, तेज आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्र से अभद्र अपशब्दों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग रात्रि में 10 बजे तक ही किया जाए इसके पश्चात रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

#### दो माह प्रभावशील रहेगा आदेश

यह आदेश भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत एक पक्षीय जारी किया गया है। एक पक्षीय से व्यथित कोई भी व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत इस आदेश के विरुद्ध अपना पक्ष अथवा अपनी आपत्ति या आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से दो माह तक के लिए प्रभावशील रहेगा।

---



## अनियंत्रित बस पलटी, आधा दर्जन यात्रियों को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब आधा दर्जन यात्रियों घायल हो गए। यह हादसा बुधवार को कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम द्वारा के पास हुआ। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार लगजरी यात्री बस क्रमांक PY 04 A 2531 प्रयागराज से पांडिचेरी जा रही थी। सुबह तड़के बस कटनी कोतवाली के द्वारा ग्राम के पास ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि बस मे यात्री ज्यादा सवार होते तो बड़ा हादसा हो जाता, जो बस के पलटने से छोटे रूप में टल गया। घटना के बाद बस में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बस से बाहर निकला गया,सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पाण्डेय नें बताया कि बस पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद यात्रियों को दूसरी बस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। क्रेन बुलाकर पुलिस ने बस को सीधा करवाया और हादसे की जांच कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र द्वारा ग्राम के नेशनल हाइवे की घटना थी जिन्हें दूसरी बस से हैदराबाद के लिए रवाना किया। पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र द्वारा ग्राम के नेशनल हाइवे की हैं।

---

### गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म का कराया गया भ्रमण

## स्व सहायता समूह की महिलाओं को संरक्षित खेती का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा विकासखंड बहोरीबंद के लखनवारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम लिंगरी में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता की मार्गदर्शन में प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को संरक्षित खेती के अंतर्गत पाली हाउस प्लास्टिक मल्चिंग ड्रिप एवं



स्प्रिंकलर से सिंचाई फर्टिगेशन आदि का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया इसके पश्चात श्याम श्री गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरी का भ्रमण प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा कराया गया। शासन के निरंतर प्रयास से कृषि को लाभ का धंधा बनाने कम लागत तकनीक जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग केंचुआ खाद निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा विधि तथा वर्मी वाश निर्माण एवं फसलों में उनके उपयोग प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र, जैविक खाद का फसल में उपयोग का अवलोकन कराया गया।

कृषक पवन कुमार पांडेय द्वारा गौशाला प्रबंधन गोमूत्र एकत्रित करने का तरीका गायों की विभिन्न नस्ल गीर, साहिवाल, हरियाणा, गंगा, तीर आदि का अवलोकन तथा दुग्ध उत्पादन की जानकारी दी गई। इस दौरान संतुलित पशु आहार चारा विभिन्न रोग उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी भी दी गई । जैविक गेहूं ,गन्ना, आलू ,प्याज एवं अन्य सब्जियों तथा गन्ना से गुड़ निर्माण का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के समय संस्था के कर्मचारी अनुपम पांडे तथा सरपंच सुखचौन बाई, राजू राजपाल ने सहयोग किया।

---

### मंदिर मार्ग निर्माण कमेटी का किया गया सम्मान



बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम लोहरवारा स्थित अत्यंत प्राचीन बजरंग धाम मंदिर मार्ग निर्माण में जुटे युवा और किसानों को क्षेत्रीय समाजसेवी और राजनेता शिवकुमार दुबे बबलू कक्का द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया ।दरअसल मंदिर मार्ग निर्माण में सबसे बड़ी दुविधा किसान थे जिनकी जमीन के जरिए सड़क निर्माण किया जाना था ,उन्हीं किसानों से मंदिर मार्ग निर्माण समिति ने समन्वय स्थापित करके किसानों की शर्तानुसार स्वतः के धनबल,जनबल के सहारे असंभव से पांच सौ फिट मार्ग को निर्मित कर दिया ।मंदिर मार्ग निर्माण समिति ने न केवल सड़क निर्मित किया बल्कि सारी सड़क सहित पूरे मंदिर परिसर में लाइट लगाने के साथ साथ मंदिर में आयोजित होने वाले एकदिवसीय मेले दो दिवसीय मेला करवाया और मंदिर परिसर में ही मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार भी शुरू करवाया ।इसी अद्वितीय अदभुत प्रयास से प्रसन्न होकर समाजसेवी कक्का जी द्वारा मंदिर मार्ग निर्माण कमेटी का शाल,श्रीफल देकर सम्मान किया ।सम्मान समारोह के दौरान बबलू कक्का शिक्षक सुरेश पटेल,सतेंद्र पटेल जुगल पटेल विनोद परौहा संवरण पटेल आदि की रही उपस्थित।

---

## बिचपुरा में मनाया गया आनंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बड़वारा द्वारा चयनित नवांकुर संस्था नव प्रेरणा जन जागृति समिति बिचपुरा के द्वारा चयनित आदर्श ग्राम बिचपुरा के दादर टोला में माध्यमिक स्कूल प्रांगण में आनंद उत्सव कार्यक्रम मनाया गय जिसमें नवांकुर संस्था से सचिव रवि शंकर रजक के द्वारा चयनित आदर्श ग्राम बिचपुरा लिए गए मुख्य बिंदु समग्र स्वच्छता अभियान संकल्प को पूरा किया जाना एवं समस्त शासकीय एवम जन कल्याण कारी योजनाओं का क्रियान्वयन को शत प्रतिशत ग्राम स्तर परपूरा किए के लक्ष्य 2 वर्ष में किया की जानकारी दी गई। ग्रामीणों से सहयोग अपेक्षा की गई तदोपरांत विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया के द्वारा आदर्श ग्राम की



परिकल्पना को लेकर ग्राम के समग्र विकास पर चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए गांव में शिक्षा स्वास्थ्य स्वच्छता जल संरक्षण सहित अन्य कार्य को जन भागीदारी के साथ कर किया जा सकते हैं उनकी कार्य योजना को जन भागीदारी द्वारा पूरा किए जाने को कहा गया। संगोष्ठी उपरांत लोक नृत्य सामूहिक ग्राम वासियों के साथ प्रस्तुत किया गया एवं बच्चों द्वारा गीत नृत्य किया गया कार्यक्रम का आभार सेक्टर परामर्शदाता दुर्गा प्रसाद केवट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सीएमसीडीपी bsw /msw के स्टूडेंट आरती रजक ,प्रियंका सिंह ,ओम प्रकाश मिश्रा ,सागर दहिया पूजा गुप्ता अर्पण विश्वकर्मा ,सिद्धार्थ गुप्ता श्रुति तिवारी ,रोहित रजक ,दीपेंद्र उपाध्याय एवं समस्त ग्रामवासी की ग्राम वासियों की उपस्थिति रही नो प्रेरणा जन जागृति संस्था बीजपुर अध्यक्ष रामावतार कोल सचिव रवि शंकर मौजूद रहे।

---

### बड़वारा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर की कार्रवाई

## अलग अलग ठिकानों से 52 लीटर अवैध शराब जब्त, 10 आरोपित हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा पुलिस करीब एक दर्जन ठिकानों में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है। इस दौरान 10 आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया है जिनके पास से 52.38 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि उक्त कार्रवाई एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक उमराव सिंह के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही का नेतृत्व थाना प्रभारी बड़वारा उ.नि. के. के. द्विवेदी के द्वारा किया गया।

कार्यवाही के दौरान विमल सिंह



ठाकुर 33 साल निवासी पौड़ी के पास 23 पाव देशी प्लेन शराब जप्त की। दिनेश कुमार रजक 35 साल निवासी सकरीगढ़ के पास से 20 पाव देशी प्लेन शराब, सुकरती बाई कोल पति स्व. नत्थूलाल कोल 50 साल निवासी भदौरा न0 2 के पास से 22 पाव देशी प्लेन शराब। संतराम पाल पिता पल्टूराम पाल उम्र 42 साल निवासी बसाड़ी के पास से 25 पाव देशी प्लेन शराब। मोहम्मद जलील पिता मोहम्मद हनीफ उम्र 38 साल निवासी चपहनी के पास से 25 पाव देशी प्लेन शराब। रख्खी पिता झब्बू केवट उम्र 20 साल निवासी बसाड़ी के पास से 21 पाव लाल मसाला शराब। अच्छेलाल पिता ज्ञानीराम उम्र 48 साल निवासी खरहटा के पास से 30 पाव देसी प्लेन शराब। प्रीतम सिंह गोड़ पिता रामलाल गोड़ उम्र 53 साल निवासी ठुठिया सलैया के पास से 35 पाव देसी प्लेन शराब एवं धनैया चौधरी पिता संतोखिया चौधरी उम्र 28 साल निवासी गुड़ाकला के पास से 50 पाव देसी प्लेन शराब। तथा सतेन्द्र कुमार पटेल पिता वृंदावन पटेल उम्र 62 साल निवासी गणेशपुर के पास से 40 पाव देसी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कार्रवाई में थाना प्रभारी बड़वारा उनि. के. के. द्विवेदी, उनि. प्रदीप जाटव, सउनि. महेश प्रताप सिंह, रघुबीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह प्र.आर. के.के. शुक्ला, आर. आशीष तिवारी, आर. दीपक सिंह, आर. चालक शिव प्रकाश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

### सूचना देने के बाद भी समस्याओं का नहीं किया गया समाधान

## अपनी मांगों को लेकर 36 घंटे भूखे रहकर ट्रेनों का संचालन करेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वेतन विसंगति सहित अन्य मांगों एवं समस्याओं का निराकरण करने की मांग को लेकर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के पटना सेंट्रल बीजीएम के अनुसार भारत के संपूर्ण लोको रनिंग स्टाफ देश भर की सभी 367 लावियों पर 36 घंटे के हंगर फास्ट पर भूखे रहकर स्वयं को कष्ट देकर रेलगाड़ियों का संचालन करेंगे। जब सरकार छठवें पे कमीशन से निर्मित की गई एनामली को दूर नहीं कर रही और माइलेज का रेट 1 जनवरी 2024 से ट्रैवलिंग एलाउंस के सापेक्ष 25% बढ़ाकर नहीं दे रही है तब कोई भी कर्मचारी नियोक्ता से ना तो लड़ सकता है ना ही पकड़ करके अपने परिश्रम के पैसे का मूल्य प्राप्त कर सकता है।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

1. माइलेज का रेट **RAC** 1980-81 के अनुसार दिया जाय,
2. माइलेज रेट के परिवर्तित होने पर नियमानुसार माइलेज पर आयकर में छूट की सीमा बढ़ाई जाय,
3. 01.01.2024 से **TA** के बढ़े रेट के अनुसार माइलेज रेट निर्धारित किया जाय,
4. **LPG/LPP/LPM/LPM** (**HS**) के ग्रेड को उसके कार्य में अन्तर के अनुसार 6**TH** वेलन आयोग की सिफारिशों के आधार पर निर्धारित किया जाय,
5. 7**TH** वेतन आयोग ने **ITI** को डिप्लोमा के समकक्ष कहा है इसलिए **ALP** के ग्रेड पे नियमानुसार सुधार किया जाय,
6. साप्ताहिक विश्राम 30 घण्टे को मेरे समान्य कार्यकारी विश्राम 16 घण्टे के अतिरिक्त दिया जाना चाहिये ॥
7. हमारे कार्य में किसी भी प्रकार का मध्यावधि विश्राम नहीं है इसलिये **ILO** तथा श्रम कानून 1948 के अनुसार कार्य की अधिकतम सीमा 06 घंटे निर्धारित करें ।॥
8. 8 घण्टे से अधिक ड्यूटी होने पर रनिंग रूम में ड्यूटी के बराबर और मुख्यालय में ड्यूटी के दो गुने के बराबर न्यूनतम विश्राम निर्धारित होना चाहिए ।
9. लोको में **FSD**, **TOOL BOX**, **LONG FOCUS HEAD LIGHT**, बड़े **DIGITS** के **LP&ALP** के सामने स्पीड रिपीटर, लुकबेक मिरर, सिग्नल एक्सचेंज लैम्प, सीढ़ी और हथरोल नीचे की ओर बढ़ाएं, इलेक्ट्रॉनिक **TSD**, थर्ड पार्टी सीट, सभी लोको और रोलिंग स्टाक के भागों के (डिजाइन, कार्य, स्थान और ट्रबल शूटिंग) को एक समान करें, लोको कैब के डेस्क पर रीडिंग लैम्प लगाएँ, लुकआउट ग्लास पर **ADJUSTABLE** पर्दे को लोको में लगायें ।
10. मुख्यालय पार कराना बंद करें ।

ऐसी स्थिति में जब कर्मचारियों के सामने कोई विकल्प न हो तो वह स्वयं को कष्ट देकर भूखा रहकर गाड़ियों का संचालन करने के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया गया है। क्योंकि सरकार को समय से पूर्व सूचना दी गई। पटना केंद्रीय बीजीएम के बाद स्पष्ट रूप से भारत सरकार रेल मंत्रालय को सूचित किया गया कि हमारे ग्रीवेंस हल करने की कृपा कीजिए।

#### मंडल स्तरीय मुख्य समस्याएँ

1. हेडक्वार्टर ओवरशूट ना करवाया जाए तथा राउंड ट्रिप में घर वापस लाया जाए।
2. क्रू को 16+30=46 घण्टे का साप्ताहिक विश्राम दिया जाए।
3. भोपाल डिपो के क्रू स्ट्रेंथ को बढ़ाया जाए ताकि गाड़ी कार्य कराने के लिए अन्य लाबी से भोपाल क्रू बैलेन्स के लिए नहीं लाने पड़े तथा प्रमोशन में स्थानांतरण के कारण रेल्वे को हो रहे आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके ।
4. सभी रनिंग रूम से मुख्यालय की ही गाड़ी लगाई जाए ।
5. सेक्शन कंट्रोलर की वर्किंग को ऑब्सर्व किया जाए तथा स्टॉफ से 12 घण्टो की वर्किंग करवाने की मानसिकता को समाप्त किया जाए जिससे क्रू का अधिकतम उपयोग कराकर रेल्वे की ऑपरेटिंग कास्ट को कम किया जा सके एवं क्रू को उचित विश्राम मिल सके।
6. क्रू चेंजिंग पॉइन्ट पर 7 घण्टे होने पर क्रू को रिलीव किया जाए जिससे सेक्शन में क्रू के स्पेयर वर्किंग को कम कर क्रू तथा लोको और रोलिंग स्टाक का अधिकतम उपयोग किया जा सके जिससे उर्जा खपत को भी कम करने में मदद मिल सके ।
7. भारतीय लोको पायलट के कार्य के घण्टे मालगाड़ी में 8 घण्टे एवं मेल पैसेंजर में 6 घण्टे अधिकतम सीमित किया जाना चाहिए क्योंकि अधिक घण्टों की वर्किंग तनावपूर्ण रहती हैं जिस कारण क्रू कई बीमारियों से ग्रसित हो कर **Unfit** हो रहे हैं।
8. प्रशासनिक कारणों से क्रू को होने वाले आर्थिक नुकसानों की विवेचना कर उन्हें उनकी पूर्ति कर उचित कार्य का उचित दाम दिया जाना सुनिश्चित किया जाए यदि क्रू को उसके कार्य का उचित दाम दिया जाएगा तो वह शतप्रतिशत दक्षता के साथ काम करेगा।
9. रेल्वे बोर्ड के पत्र के अनुसार 12:00 बजे के बाद विश्राम पूर्ण होने पर भी उस दिन की लीव लगवाई जा रही हैं। जबकि **cms** पर उस दिन की लीव नहीं लगती, लेकिन **HRMS** से काट ली जाती हैं।

अभी भी 21 दिन पहले सूचना दी गई कि आप समस्या समाधान कर देंगे तो हम हंगर फॉस्ट नहीं करेंगे। पर सरकार ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई।

---

## बड़वारा में सामूहिक विवाह सम्मेलन 7 मार्च को होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा कार्यालय जनपद पंचायत बड़वारा में मुख्य मंत्री कन्याविवाह योजनान्तर्गत 7 मार्च को सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न कराया जाएगा। ग्राम पंचायत क्षेत्र में विवाह योग्य जोड़ों का भलीभांति परीक्षण कराकर संबंधित पंचायत समन्वयक अधि./सहा.वि. अधि. या अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी से जाँच करा कर उनके आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करें जिससे तिथि निर्धारित कर सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया जा सके। विवाहित जोड़ों के उम्र सबंधी सत्यापन हेतु उनके दस्तावेज अवश्य संलग्न किये जावे तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि विवाह तिथि को कन्या का आयु 18 वर्ष से कम न हो तथा वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो तथा विधवा होने की दशा में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे, परित्यक्ता होने की दशा में परित्यक्ता का प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे।

शासन के आदेशानुसार पात्र कन्या को विवाह उपरांत रु 49000/- का चैक प्रदाय किया जावेगा मुख्य मंत्री कन्यादान आवेदन जमा करने हेतु आवश्यक निर्देश 1. कन्या की आयु 18 वर्ष से कम न हो (आयु सत्यापन हेतु दस्तावेज संलग्न करें) 2. वर की आयु 21 वर्ष से कम न ही (आयु सत्यापन हेतु दस्तावेज संलग्न करें) 3. कन्या एवं बर की समग्र आई डी अवश्य अंकित हो (समग्र आई की पत्रक संलग्न करे। 4. कन्या एवं वर के निवास में शौचालय निर्मित होने का सरपंच का प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करे । 5. कन्या के बैंक खाते की पारा बुक की छाया प्रति संलग्न हो पिता / अभिभावक की नहीं होना चाहिये। जिससे राशि अन्तरण करने में असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप

### आज से 25 फरवरी तक आवेदन फार्म प्राप्ति किए जायें-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतो के रिक्त पदों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए निर्देशों के परिपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने जनपद पंचायत हटा के वार्ड क्रमांक 16 गैसाबाद के अंतर्गत आने वाली तीनों ग्राम पंचायत बलेह, गरेंह एवं गैसाबाद के प्राधिकृत अधिकारियों, पटवारियों, सचिवों और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से कहा पंचायत निर्वाचक नामावली को अध्यतन करने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्राधिकृत अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दावे /आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अवधि आज 20 से 25 फरवरी 2025 समय प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठकर मतदाताओं से आवेदन फार्म प्राप्त करेगें एवं प्राप्त फार्मो का दैनिक प्रतिवेदन रजिस्ट्री करण अधिकारी को भेजे जाए।

### सांस्कृतिक चेतना यात्रा का अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने किया स्वागत

**दमोह।** 10 दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव के शुभारंभ के उपलक्ष्य में स्थानीय जटाशंकर से शुरू की गई सांस्कृतिक चेतना यात्रा का स्वागत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा जबलपुर नाके पर किया गया। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में बुंदेलखंड की परंपराएं एवं बुंदेलखंड के नृत्य के प्रदर्शन के साथ निकाली गई इस सांस्कृतिक चेतना यात्रा पर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, संरक्षक राकेश सिंह हजारी, संयोजक महमूद सिद्दीकी, सचिव केआर पांडेय, उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

# आउटसोर्स कर्मी वेतन न मिलने से परेशान, बीएमओ को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत सेडमेप कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी वर्तमान में बेहद परेशान है। उन्हें पिछले तीन-चार महीने से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण उनके सामने सम्मान पूर्वक जीवन यापन करने एवं खाद्य सुरक्षा का खतरा पैदा हो गया है।

अपनी इसी मांग को लेकर आज केंद्र के आउटसोर्स कर्मियों ने सुबह 9 बजे से लेकर लगभग 11-12 बजे तक काम बंद कर अपना धरना प्रदर्शन किया । जिसके चलते अस्पताल में लगभग 2-3 घंटे अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। मौके पर उपचार कराने आये मरीजों को उस समय भारी परेशानियों से रूबरू होना पड़ा। कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक तरीके से मांग रखते हुए नारे बाजी भी की। इस दौरान अस्पताल में आए अनेक मरीजों को परची ना काटे जाने को लेकर दो-तीन घंटे तक काफी परेशान होना पड़ा । इस संबंध में बिनीता साहू, नमिता और गाँव से आई पूना ने बताया कि हम इलाज करवाने के लिए सुबह 9 बजे से आ गये थे। कतार मे लगे रहे। यहां पर पर्ची नहीं बनाई जा रही थी। जिससे हम दो-तीन घंटे परेशान रहे हैं । यह बात जब बीएमओ अमित मिश्रा को पता चली तो वह तत्काल आउटसोर्स कर्मचारीयों से मिले। उनके मांग पत्र को लिया। और इस दिशा में शीघ्र उचित कार्रवाई करने का भरोसा कर्मचारियों को देकर उन्हें समझाया। कर्मचारी पुनः कार्य पर लौट आये। श्री मिश्रा ने कर्मचारियों की समस्या से तत्काल सीएमएचओ दमोह को अवगत कराया। साथ ही श्री मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में दो-तीन दिन पूर्व कलेक्टर महोदय जी से भी बात हुई है। कलेक्टर और विभाग के सभी जवाबदार अधिकारी इस दिशा में प्रयास कर रहे। वहीं आउटसोर्स कर्मी जगदीश अठया परमानंद ,राहुल, संजय, विमला साहू ,कल्लो बाई रमेश सोनी, पंकज आदि ने बताया कि पिछले तीन-चार माह से वेतन न मिलने के चलते हम अपने बच्चों के स्कूल तक की फीस नहीं भर पा रहे हैं। इसके अलावा घर के राशन पानी की व्यवस्था भी चरमरा गई है। उधार लेकर मुश्किल भरा जीवन यापन करना पड़ रहा है । दुकानदार राशन सामग्री तक देने मे आना कानी कर रहे। तीज त्यौहार की खुशियां हमारे परिवारों से गायब हो गई हैं। सभी कर्मियों का यह कहना है कि वर्तमान में हम कर्मचारी एवं हमारे परिवार सम्मान पूर्वक जीवन यापन नहीं कर पा रहे हैं । इस दिशा में हमारे व्दारा कई बार विभाग के सभी जवाबदार अधिकारियों को अवगत कराया गया है । अब यदि हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो हमें मजबूर होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं आंदोलन करना पड़ेगा। इस संबंध में सीएमएचओ मुकेश जैन से बात करने पर उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा लगातार इस दिशा में कदम उठाये जा रहा है। और शीघ्र ही आउटसोर्स कर्मचारीयों के वेतन की समस्या का समाधान हो जाएगा।

# 'संत से अहिरहंत तक' नाटक किया मंचन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे से नगर के जिला सहकारी बैंक के प्रांगण में समाधि सम्राट संत षिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी का प्रथम समाधि दिवस मनया गया जिसमें जन्म से समाधि तक की यात्रा की सुंदर लघुनाटिगा संत से अरिहंत तक चित्रण किया गया। सबसे उपस्थित अतिथियो के द्वारा आचार्य श्री के चित्र का अनावरण किया इसके बाद मानव भगवति संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा चित्र पर दीप प्रवज्वलित किया गया। साथ ही लगभग 108 दीपो से आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की भव्य आरती उतारी गई। सोनाली जैन एवं अनाया जैन के सुंदर नृत्य कर मंलाचरण की प्रस्तुति दी गई। जिनषासन महासंघ के राहुल जैन, अंषु जैन, सत्यम जैन, आर्दष जैन, आयुष जैन, अंकित जैन, सानू जैन, सुजल जैन बाबू जैन, विपिन जैन, परवेस जैन, कल्लू जैन, अमन जैन अनुभव जैन, पीलू जैन, श्रेयांष जैन, सुनील जैन एवं कुमकुम जैन, दीक्षा जैन, प्रिया जैन, अनाया जैन, प्रियंका जैन, माही जैन ने आचार्य श्री के सम्पूर्ण जीवन पर नाटक का मंचन कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया। संचालन बाल ब्रम्हचारी अंकित भैया जी के द्वारा किया गया। जब आचार्य श्री का समाधि के लिए डोला निकाला गया तो अनेक लोगो की आंखू में आंसू आ गए।

## शाला के 75 बच्चों का हुआ नेत्र परीक्षण

**दमोह।** बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं जन कल्याण समिति के द्वारा नेत्र चिकित्सालय के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मयंक प्यासी एवं सहयोगी कुलदीप पटेल द्वारा महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य राजेश दीक्षित के मार्गदर्शन में महर्षि विद्या मंदिर बालाकोट रोड में तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में प्रथम दिवस 75 बच्चों के नेत्र की जांच एवं परीक्षण किया गया, जिनमें से लगभग 40 बच्चे ऐसे पाए गए जिनमें नेत्र ज्योति बहुत कम पायी गयी। इस समस्या के समाधान के लिए डॉ मयंक प्यासी द्वारा बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें मोबाइल एवं कम्प्यूटर का सिमित प्रयोग करने तथा पोषण आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियाँ मौसमी फल का अधिक सेवन करने की सलाह दी।

# गायत्री यज्ञ कर मनाया जन्म शताब्दी वर्ष



**हटा।** गायत्री शक्तिपीठ हटा के भूमि दानकर्ता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व जगमोहन श्रीवास्तव के 19 फरवरी 2025 को 100 वर्ष पूर्ण होने पर जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके परिवार जनों ने सब जज भवन निवास पर एक कुंडीय गायत्री यज्ञ कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर यज्ञ आचार्य पंडित मदन गोपाल दुबे ने स्वर्गीय जगमोहन श्रीवास्तव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक मार्गदर्शक, एक आदर्श शिक्षक, एक आध्यात्मिक विचारक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। हम सभी उनकी योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करने का संकल्प लें। इस अवसर पर वरिष्ठ गायत्री परिजन माखन लाल नेमा,जन्मेजय पांडे, देवशंकर दीक्षित, शैलेंद्र नायक, रविकांत श्रीवास्तव, बलराम सराफ,रमेश श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जेंडर भेदभाव, रिप्रोडक्टिव हेल्थ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दमोह।** मड़ियादो में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा धृ-फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में रजपुरा स्कूल में कक्षा नौ एवं ग्यारह की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया और उन्हें जेंडर भेदभाव, पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम), बाल विवाह, एनीमिया एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी शिवराय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने में सहायक होते हैं तथा सामाजिक जिझक को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य,



पोषण और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर प्रारंभिक अवस्था से ही समझ विकसित करना आवश्यक है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सकें। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए, जिससे मासिक धर्म स्वच्छता एवं इससे संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ किया जा सके। इस अवसर पर धृ-फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने कहा कि किसी भी समुदाय के समग्र विकास के लिए उसके प्रत्येक घटक को समान अवसर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे बुनियादी विषयों पर जागरूक करते हुए सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हमारा प्रमुख उद्देश्य है, और इस दिशा में विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम न केवल छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध हुआ। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा धृ-फाउंडेशन लगातार इस प्रकार की पहल के माध्यम से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयासरत रहेंगे। इस कार्यक्रम में बीसीएम देवेन्द्र ठाकुर, सुपरवाइजर संगीता पटेल, सीएचओ मैना तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं।

## सत्यमोहन वर्मा भोपाल में सम्मानित



**दमोह।** मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा हिंदी भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम वरिष्ठ विमर्श में दमोह के वरिष्ठ साहित्यकार सत्यमोहन वर्मा का सम्मान हुआ, श्री वर्मा पिछले ७ दशकों से साहित्य सेवा में अग्रसर हैं साथ ही अपने कई युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करते रहे हैं, विगत दिनों मुंबई में उनके ग़ज़ल संग्रह "कश्तियों वाला सफ़र" का विमोचन हुआ था जिसकी चुनिंदा ग़ज़लों का पाठ भी हुआ। इस अवसर पर यतींद्र नाथ राही की पुस्तक का विमोचन भी हुआ। इस विमर्श कार्यक्रम में बुद्धिनाथ मिश्र, कैलाशचंद्र पंत, नरेंद्र दीपक, मनोज श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ी।

## जनशिक्षा केन्द्र पटेरा द्वारा कराई गई एक्सपोजर विजिट




**पटेरा।** जनपद शिक्षा केंद्र पटेरा बीआरसी दिलीप उपाध्याय तथा जनशिक्षा केंद्र प्रभारी जे.एस. अहिरवार के मार्गदर्शन में विकासखंड पटेरा क्लस्टर शासकीय माध्यमिक शाला राजाबंदी नोडल अधिकारी संजय पाठक एवं जनशिक्षक अंकित गौतम तथा क्लस्टर प्रभारी मूसा खान के नेतृत्व में विकासखंड पटेरा में गठित क्लस्टर शासकीय माध्यमिक शाला राजाबंदी पटेरा की क्लस्टर की सभी माध्यमिक शाला के बच्चों एवं शिक्षकों की एक्सपोजर विजिट कुण्डलपुर क्षेत्र के प्राचीन मंदिर एवं हथकरघा हस्तशिल्य, कला में कराईगई जिसमे बच्चों ने वहाँ देखा किस प्रकार हाथों से कपड़ो का निर्माण कराया जाता है। कुण्डलपुर के मंदिर की कलाओ का भी सूक्ष्मता से उसकी कलाओं की बारीकता को देखा बच्चों को बालिका छात्रावास राजाबंदी के साथ राजाबंदी नर्सरी का भी भ्रमण कराया गया। जहाँ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश गुजरे द्वारा नर्सरी की उपयोगिता के बारे में बच्चो से चर्चा गई। बच्चों को नास्ता एवं भोजन भी कराया गया। माध्यमिक शाला राजबंदी से पूजा जैन,एवं अन्य शालाओं से रजनी नामदेव, शाहीन खान, बादशाह खान राजू चौरसिया, रीता चौरसिया, राजेन्द्र ठाकुर आदि शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# श्रीमद्भागवत कथा व राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**बनवार।** जबेरा जनपद के अति प्राचीन श्री गणेश भगवान मढ़ा मंदिर धंसरा श्री राधा कृष्ण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सिर पर कलश धारण किए कन्याओं के साथ भजन संकीर्तन मंडलियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। ब्यारमा नदी से जल भरकर यज्ञ मंडप में जलाभिषेक किया। इसके साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा का शुभारंभ किया



गया। इस दौरान भक्ति गीतों से पूरा इलाका गुंजायमान रहा। आज मंडप पूजन के साथ जलाधिवास पुष्पाधीवास पूजन संपन्न हुई यज्ञाचार्य एवं कथा प्रवक्ता पंडित राम मिलन मिश्रा गिरमा वालो ने बताया भगवान श्री राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन को लेकर आज ग्राम धनसरा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह आयोजन 3 मार्च तक चलेगा।

## टाइगर रिजर्व में 817 गिद्ध मिले तेंदूखेड़ा में 35 गिद्ध पाए गए...

# वयस्यक गिद्धों की संख्या रही गत वर्ष से दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जिले में विलुप्त होने की कगार पर पहुंचे गिद्धों की वर्तमान में संख्या कितनी है और किन क्षेत्रों में अधिक है इसकी गणना और निगरानी के लिए वन अधिकारी कर्मचारियों का अमला तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चार रेंज और वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार कार्य कर रहा है जहां वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गिद्धों के संरक्षण को लेकर पिछले एक साल से चल रहे काम का असर इस बार चल रही गिद्ध गणना में नजर आ रहा है टाइगर रिजर्व के साथ ही दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के तेजगढ़ तेन्दूखेड़ा झलौन तारादेही वन परिक्षेत्रों में सोमवार से तीन दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना शुरू हुई थी सूर्योदय के साथ ही वन विभाग का अमला व वॉलंटियर की टीम ने गिद्धों की तलाश शुरू की और तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चारों रेंजों में तीन दिन तक चली इस गणना में 70से80 गिद्ध इन चारों वन परिक्षेत्रों में नजर आए हैं साथ ही वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दो दिन की गणना में कुल817 गिद्ध पाए गए हैं टाइगर रिजर्व में स्पॉट किए गए हैं जो पिछले साल की तुलना में 225 ज्यादा है टाइगर रिजर्व उपसंचालक कार्यालय के अनुसार पहले दिन की गणना में सभी मंडलों में कुल 1119 गिद्ध नजर आए थे लेकिन दूसरे दिन मंगलवार को गिद्धों की संख्या बढ़कर 1338 पहुंच गई जबकि पिछले साल गिद्धों की संख्या 1266 थी इस हिसाब से देखें तो गिद्धों की संख्या 72 बढ़ी है टाइगर रिजर्व उप संचालक कार्यालय के अनुसार पिछले साल हुई शीतकालीन गिद्ध गणना में टाइगर रिजर्व सागर और दमोह मंडल में कुल 1266 गिद्ध मिले थे जिसमें सबसे ज्यादा 592 गिद्ध टाइगर रिजर्व में देखें गए थे।

### तेंदूखेड़ा में सबसे ज्यादा पाए गए

वहीं दमोह जिले के तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के तेजगढ़ तेन्दूखेड़ा झलौन तारादेही वन परिक्षेत्रों में भी शीतकालीन गिद्ध गणना की जा रही है जहां तीन दिन की गणना में तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में सबसे ज्यादा गिद्ध पाए गए हैं और सबसे काम झलौन वन परिक्षेत्र में नजर आए हैं इन तीन दिन की गिद्ध गणना में तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में 35 गिद्ध तीन दिन की गणना में पाए गए हैं जो पिछली बार से अधिक है वहीं तारादेही वन परिक्षेत्र के 20 से 22 गिद्ध गणना में पाए गए हैं तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में 10 से15 गिद्ध पाए गए हैं झलौन वन परिक्षेत्र में 4 गिद्ध पाए गए हैं जो जहां तीन दिन चलने वाली इस गणना में सबसे काम गिद्ध झलौन वन परिक्षेत्र के जंगल में पाएं गए हैं।

### गिद्धों का पर्यावरण में महत्व जानना जरूरी

गिद्ध पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे मृत जानवरों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं और बीमारियों के प्रसार को रोकते हैं। गिद्धों को प्रकृति का सफाईकर्मी भी कहा जाता है। इनका पाचन तंत्र बैक्टीरिया और खतरनाक रोगाणुओं को नष्ट करने में सक्षम होता है। इससे वे संक्रामक रोगों को फैलने से रोकते हैं। गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण यह प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर है। वन विभाग इस प्रजाति के संरक्षण के लिए कई प्रयास कर रहा है, जिनमें गिद्ध गणना और उनके आंकड़ों का संकलन भी शामिल है।

### विदेशी गिद्ध भी मौजूद

विशेषज्ञों के अनुसार दुनिया में गिद्धों की कुल 9 प्रजातियां हैं, जिसमें से 7 प्रजातियां वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मौजूद हैं। गणना में अमले को यहां देशी-विदेशी सभी प्रकार के गिद्ध नजर आए हैं। उप संचालक कार्यालय के अनुसार स्थानीय गिद्धों में इंडियन या लांग विल्ड वल्चर, चमर या व्हाइट बैक्ट वल्चर, रेड नेक्ड या किंग वल्चर और इजिप्शियन या व्हाइट वल्चर शामिल हैं, वहीं प्रवासी गिद्धों में यूरेशियन, हिमालयन और सिनेरिसय वल्चर शामिल हैं।

### इनका कहना है

टाइगर के उप संचालक डॉ एए अंसारी ने बताया कि टाइगर रिजर्व में 42 के करीब स्थान हैं, जहां गिद्धों का बसेरा है। यहां देशी, देशी, विदेशी विदेशी सभी गिद्ध नजर आए हैं और वह भी उम्मीद से ज्यादा। पिछले साल की तुलना में गिद्धों की संख्या बढ़ी है, जो एक अच्छा संकेत है।

### नर-मादा की पहचान आकार से ही अनुमानित

तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी एवं टाइगर रिजर्व के प्रभारी एसडीओ प्रतीक कुमार दुबे का कहना है कि आमतौर पर गिद्धों में नर-मादा की पहचान तो आकार के अनुसार कर अनुमानित कर ली जाती है लेकिन वास्तविक रूप से तो तभी पता चलता है जब उनको नजदीकी से देखा जांच जाता है। आमतौर पर बड़े आकार के गिद्ध नर व छोटे आकार वाले मादा होते हैं। इजिप्टियन प्रजाति का वयस्क गिद्ध सफेद होता है जबकि उसका बच्चा भूरे रंग का होता है।

# मंगल दिवस एवं अन्नप्राशन का आयोजन



**रनेह।** महिला बाल विकास परियोजना हटा सेक्टर रनेह में कुपोषित बच्चों को उचित पोषण एवं लाभ के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में परियोजना अधिकारी शिवराय के मार्गदर्शन, सेक्टर पर्यवेक्षक चंद्रकांति बहोत्रा की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र बरखेरा चैन, बिजवार, कौशलपुर में विशेष मंगल दिवस का आयोजन किया गया। 6 माह तक के समस्त बच्चों का अन्नप्राशन का आयोजन कराया गया। इसके साथ ही धात्री माता को बच्चों को स्तनपान के साथ-साथ ऊपरी आहार देना भी सुनिश्चित किया गया तरल पदार्थ के साथ ठोस आहार में उबले आलू, फल, खिचड़ी, दलिया, उपमा, हलवा, भी बच्चों को खिलाया जाए और साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। 0-5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई गई और टीकाकरण में उपस्थित गर्भवती महिलाओं को समझाइश दिए गए कि बच्चों और गर्भवती माता को समय-समय पर टीकाकरण कराएं और गर्भवती माता को जल्द से जल्द पंजीयन प्रथम तिमाही में ही कराकर आयरन फोलिक एसिड, आयरन कैल्शियम की टेबलेट लेना सुनिश्चित करें, उनके फायदे बताएं। साथ ही टीकाकरण में उपस्थित माताओं को समझाईश दी गई की बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजें और साथ ही गर्भवती माता और पांच वर्ष तक के बच्चों का वजन ,ऊंचाई का सत्यापन कर सेम मैंम में निकले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती के लिए प्रेरित किया और टी एच आर का वितरण कर उसकी उपयोगिता बताई गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बालक की मौत, दो गंभीर जबलपुर रेफर

**तारादेही थाना क्षेत्र खमरिया बासी के बीच हुआ हादसा, डायल 100 और 108 ने नहीं उठाया घटना के बाद फोन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तारादेही थाना अंतर्गत ग्राम पिंडरईबासी और खमरिया के बीच बुधवार को बाइक सवार लोगों को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग गया। घटना में में एक नाबालिग की मौत हो गई और दो लोगों के गंभीर रूप से घायल होने पर जबलपुर रैफर कर दिया गया। हादसे के बाद घायलों को 108 और डायल 100 भी उपलब्ध नहीं हो सका। काफी देर तक फोन लगाने के बाद में दोनों ही वाहनों में किसी भी अधिकारी कर्मचारी से घायल के परिजनों की बात नहीं हो सकी। इसके बाद घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा लाया गया।जानकारी अनुसार हादसा तारादेही थाना क्षेत्र से पांच किमी दूर ग्राम खमरिया शिवलाल और पिंडरई बासी के बीच हुआ है जहां बाइक से घर जा रहे दो नाबालिगों ओर बाइक सवार को पीछे से अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। हादसे में दुर्गेश पिता पूरन गौड़ 11 वर्ष निवासी पिंडरई बासी थाना तारादेही की मौत हो गई। इसके अलावा गणेश पिता भोला गौड़ 24 वर्ष निवासी पिंडरई बासी, प्रकाश पिता महेश गोंड उम्र 12 वर्ष निवासी पिंडरई बासी को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जिसमें प्रकाश की हालत गंभीर है।

### नहीं मिली आपात कालीन मदद

परिजनों और राहगीरों द्वारा बताया गया है घटना के आधा घंटे बाद भी आपातकालीन मदद नहीं मिली। राहगीरों द्वारा तारादेही पुलिस को कई बार फोन लगाया साथ ही डायल 100 को फोन लगाया लेकिन किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया। वहीं 108 वाहन को भी कई बार फोन लगाने के बाद भी फोन व्यस्त आता रहा लेकिन यहां भी किसी ने फोन नहीं उठाया जिसके कारण सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े रहे और बाद में निजी वाहन से उन्हें तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां एक बालक की मौत हो गई। यहां भी जबलपुर मेडिकल रेफर करने के बाद भी 108 वाहन घायलों को उपलब्ध नहीं हो सका। तेंदूखेड़ा थाना पुलिस ने शून्य पर कायमी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से आटों सवार युवक की मौत, चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार

तेंदूखेड़ा। बुधवार की शाम साढ़े सात बजे तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलोन तेजगढ़ मार्ग पर गोहुची और बांसा के बीच एक ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते हादसा घटित हो गया इस हादसे में ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने लगा आटों सवार एक युवक की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है जहां तेन्दूखेड़ा जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव तेन्दूखेड़ा से घर जाते समय घायल युवक को 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां डाक्टरों द्वारा युवक की हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया लेकिन स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर ही युवक ने दमतोड़ दिया जहां डाक्टरों द्वारा घायल युवक को मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी लगते ही तेन्दूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मृतक युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है वहीं सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार मृतक युवक हरदुआ हाथीघाट का निवासी है जो बुधवार को झलौन का बाजार करने आया था जहां वापस घर लौटते समय तेजगढ़ तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया जहां स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस द्वारा आज सुबह पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव परिजनों के सुपुर्द करेंगे और मृतक की पहचान हो पाएगी।

# प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने रेल्वे के अधिकारियों के साथ स्टेशन का लिया जायजा

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ दमोह रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नं.-01 एवं प्लेट फार्म नं.-02 पर यात्रियों, तीर्थ यात्रियों, श्रृद्धालुओं की बुनियादी सुविधाओं से संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन के साथ ही जीआरपी एवं आरपीएफ पुलिस कार्यालयों का भी जायजा लिया। इस मौके पर एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी स्टेशन अधीक्षक मुकेश जैन सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रयागराज महाकुंभ अपने अंतिम चरण में है, इस चरण में ऐसी संभावना है, कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ यहां से गुजरेगी, इस सिलसिले में रेल्वे के प्लेटफार्म का रेल्वे अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, नगर पालिका और राजस्व के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया है। विशेषकर आने वाले शुक्रवार, शनिवार और रविवार में क्या व्यवस्था करनी है, इसके अलावा महाशिवरात्रि में बांदकपुर में तमाम श्रद्धालु आएंगे। दमोह, पथरिया और बांदकपुर तीनों रेल्वे स्टेशनों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी, उसके संबंध में आज विस्तार से चर्चा की गई है। इसके लिए आवश्यक निर्देश भी जारी किये जायेंगे और व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जायेंगी। कलेक्टर श्री कोचर ने



कहा बाहर एक होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा हैं, जिसमें दो टेंट रहेंगे, वहां पर श्रद्धालु प्रतीक्षा करने के लिए बैठ सकते हैं, ताकि प्लेटफार्म पर अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्रित न हो, इसके अलावा जब ट्रेन आएगी चाहे वह कटनी की ओर जाने वाली, सतना की ओर जाने वाली हो, प्रयागराज की तरफ जाने वाली हो, जो भी ट्रेन आयेगी, उनके टाइमिंग के अवसर पर पूरे अधिकारी यह सभी उपस्थित रहेंगे। यहां पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो, यह सारी व्यवस्थाएं एक मार्च तक संचालित की जायेंगी। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा प्रयागराज महाकुंभ के अभी 8-9 दिन शेष बचे हैं, इस संबंध में कलेक्टर सर के साथ विजिट हुई थी, दमोह में पिछले दो ऐसे इंसिडेंट हुए हैं जिसमें लोगों की संख्या बहुत बढ़ गई और उनको ट्रेन से बोर्ड कराकर गंतव्य तक भेजने में बहुत बल की आवश्यकता पड़ी, जनता को कोई दिक्कत ना हो, लोग अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच जायें, जो ट्रेनों की टाइमिंग है, लोगों के आने की टाइमिंग है और उनके आने की जगह को चिन्हित किया गया है।

कैसे कोऑर्डिनेट करना है, उसके लिए कमांड कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है, जिसमें सभी तरह की संस्थाओं के प्रतिनिधि होंगे। दूसरा कम्युनिकेशन का प्लान बनाया जा रहा है, यदि आपके पास सूचना पहले आ जाती है, कि किसी ट्रेन में लोगों की संख्या ज्यादा है, तो यहां पर जो चढ़ने वाले यात्री है, उनको सुविधा पूर्वक यहां से बोर्ड करा पायें, इस संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने रेल्वे स्टेशन के फ्लेटफार्मो का जायजा लिया और रेल अधिकारियों से विस्तार से जानकरी ली। नगरपालिका द्वारा निर्देशानुसार तत्काल ही चलित शौचालय की व्यवस्था की गई। यहां पर एक कंट्रोल रूम पूर्व से संचालित है, और दो टेंट महिला-पुरूष यात्रियों के लिए लगाये जा रहे है।

## गोलियां खाने से दसवीं की छात्रा की स्कूल में अचानक हुई तबियत खराब

**तेंदूखेड़ा**। नगर के कन्याहायर सेकेण्डरी स्कूल में 10वी की एक छात्रा की अचानक तबियत खराब होने बेहोष हो गई जिसे आनन फानन में अस्पताल लाया गया लेकिन हालत गम्भीर होने के कारण छात्रा को मेंडीकल कालेज रिफर कर दिया। लेकिन स्कूल प्रबंधन के द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि छात्रा के द्वारा एलबेंडाजोल की गोलियां खाई गई थी जिससे उसे उलटियां होने लगी थी। हालाकि अब बच्ची की हालत ठीक है एवं घर वापिस भी आ गई है। लेकिन किन कारणो से गोलियां खाई थी इसकी जानकारी नहीं लगी है। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पीएल रैकवार ने बताया मंगलवार को दोपहर के समय एक छात्रा की अचानक तबियत खराब हो गई थी। जानकारी लेने पर छात्रा ने बताया कि उसने गोलियों का सेवन किया है।

# हिनौता घाट में युवक को गोली मारकर अज्ञात फरार



**दमोह**। पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जेरठ चौकी के हिनौता घाट में बुधवार शाम एक युवक को पीछे से पैर में गोली मार कर अज्ञात आरोपी के भाग जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैर में गोली लगने से घायल हरिओम जाटव 28 वर्ष को 108 एंबुलेंस से दमोह जिला अस्पताल पहुचाया गया है। जहां उसका इलाज जारी है इधर घटना की जानकारी लगने पर पथरिया थाना प्रभारी सुधीर बेगी भी जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उनके द्वारा घटना के संदर्भ में जानकारी ली गई। घायल युवक का कहना है कि बाइक का पेट्रोल खत्म हो जाने पर वहां से निकल रहे दूसरे बाइक सवार युवकों को रोककर वह पेट्रोल देने के लिए बात कर रहा था। इसी दौरान पीछे से धमाके की आवाज आई तथा उसके पैर के ऊपर गोली धसती चली गई तथा वह गिर पड़ा। बाद में लोगों ने हंड्रेड डायल और 108 एंबुलेंस को कॉल किया। इधर घटना के बाद गोली चलाने वाले मौके से भाग गए जिनके बारे में आरोपी भी हल कुछ नहीं बात पा रहा है।

# गोचर एवं छोटे घास के लिए अधिकृत डेढ़ सौ एकड़ भूमि का अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

इसे राजस्व विभाग की उदासीनता कहें या जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कि ग्राम गैसाबाद में मवेशियों को चरने के लिए एवं छोटे घास के लिये शासन द्वारा सुरक्षित की गई चरनोई की लगभग डेढ़ सौ एकड़ जमीन का पता ही नहीं है कि यह जमीन कहां गुम हो गई आज हालात यह है कि मवेशियों के लिए खड़े होने के लिए भी जमीन नहीं बची है। ग्राम के मवेशी रोड पर खड़े हुए देखे जा सकते हैं प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम में गोचर के लिए पुल के पास पडाव पर गोचर की जमीन सुरक्षित थी जिस जमीन पर धीरे-धीरे क्रमशः ग्राम के ही कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर खेती कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। शेष बची जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अपने मकान आदि बनाकर जमीन पर कब्जा कर रखा है, जो थोड़ी बहुत भूमि रह गई थी उस पर पंचायत द्वारा एक नर्सरी बनाकर एवं शासन द्वारा उप तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कराके रही सही कसर भी पूरी कर दी है। आज स्थिति यह है कि मवेशियों के लिए अधिकृत डेढ़ सौ एकड़ भूमि में से पशुओं के लिए खड़े होने तक के लिए जमीन नहीं रह गई है। पशु इधर-उधर मारे मारे फिर रहे हैं। पशुओं की जमीन पर अतिक्रमण हो जाने से पशुपालक अपने जानवरों के लिए अपने घर में कैद रखने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि एक तरफ तो केंद्र और प्रदेश की सरकार गौ माता की जय हो के नारे खूब जोर शोर से लगा रही है। वही दूसरी ओर सरकार मैं बैठे नुमानदो को यह देखने की फुर्सत नहीं है कि गौ माता को चारे पानी की भी व्यवस्था है या फिर गौ माता खाली पेट दर-दर की ठोकर खाते हुए फिर रही है। किसान बताते हैं कि अतिक्रमण के चलते हमारे खेतों को आने जाने वाले रास्ते भी बंद होने की कगार पर है। हम लोगों को अपने खेतों में जाने के लिए भी आसुविधा होने लगी है। ग्रामीण जनों एवं किसानों ने गोचर की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने की मांग की है। इस मामले पर हल्का पटवारी विनोद पटेल ने बताया कि ग्राम में लगभग डेढ़ सौ एकड़ भूमि गोचर और छोटे घास के लिए अधिकृत है।

### इनका कहना है

इस मामले में मुझे आज ही जानकारी मिली है देखना पड़ेगा की पहले कितनी भूमि थी और वर्तमान में गोचर के लिए कितनी भूमि है शीघ्र ही इसकी जांच की जाएगी।

**मानसी अग्रवाल**
**नायब तहसीलदार हिनौता मंडल**

# शहर में सांस्कृतिक चेतना यात्रा निकाली

### आज होगा आल्हा भक्ति गायन कार्यक्रम

**दमोह**। जिले के नोहलेश्वर महोत्सव को लेकर सांस्कृतिक चेतना यात्रा दमोह शहर के जटाशंकर धाम से पूजन-अर्चन उपरांत प्रारंभ हुई। यह सांस्कृतिक चेतना यात्रा बेलाताल, कोतवाली चौराहा कीर्ति स्तंभ, घंटाघर तथा शहर के विभिन्न चौराहों से होकर नोहटा के लिए रवाना हुई। इस चेतना यात्रा में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सतेन्द्र सिंह लोधी, जनप्रतिनिधि गण, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी गण के अलावा जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण,सम्मानीय मीडियाजन मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री लोधी मशाल लेकर रैली की अगुवाई कर रहे थे, इस दौरान पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, लोकेन्द्र सिंह (लकी भैया), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटैल, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों,



सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। नगर में जगह-जगह चेतना यात्रा का दमोह के विभिन्न वर्गों ने भी फूल मालाओं और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत गेट भी बनाए गए। रैली में पारंपरिक वेशभूषा में कलाकार अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली लोगो के लिये आकर्षण का केन्द्र रहीं। रैली में कलाकार पारंपरिक नृत्य करते हुये चल रहे थे। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धमेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहटा महोत्सव आज से शुरू हो रहा है, इसमें 10 दिन का मेला भी शामिल है। आज सांस्कृतिक चेतना यात्रा के माध्यम से अपनी संस्कृति की याद दिलाने के लिए, संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक चेतना यात्रा निकाली जा रही है, जो निश्चित रूप से अपनी संस्कृति पर गर्व करने की जो परंपरा है, वह निरंतर आगे बढ़ती रहे, इस बात को लेकर यह यात्रा निकाली जा रही है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा आगामी 10 दिन अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे, इस बार हेलीकॉप्टर राइड की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है, बहुत अच्छा दिव्य भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। आज 20 फरवरी को विनोद कुमार द्वारा आल्हा भक्ति का गायन कार्यक्रम होगा। उन्होनें सभी से आग्रह करते हुए कहा कि नोहटा महोत्सव में पधार कर और इस महोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# टेक पर रिवर्स करते वक्त बारातियों की बस पलटी, बड़ा हादसा टला



**बनवार**। दमोह जिले के नोहटा थाना की बनवार चौकी के गांव पटी नंदलाल में बुधवार की सुबह कुंडलपुर से बारात लेकर आई एक वस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में पलट गई। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है और बड़ा हादसा टल गया है। बस को रिवर्स में स्टार्ट करते वक्त ब्रेक नहीं लगने के कारण बेकाबू बस सड़क से नीचे उतारते हुए खाई में पलट गई गनीमत रही। चालक ने बस स्टार्ट करने की पहले बारातियों को बस से नीचे उतार दिया था और खाली बस को रिवर्स करते हुए चालू कर रहा था। बस पलटने से पहले ही चालक ने बस से छलांग लगा दी थी जिससे उसे मामूली चोटे आई है और घटनास्थल से चालक भाग निकला है। स्थानीय लोगों ने बताया कुंडलपुर से बस क्रमांक आर जी 09 पीए 1925 पटी नंदलाल निवासी पंचू रैकवार के यहां बारात लेकर आई थी और शादी समारोह संपन्न होने के बाद आज सुबह बारात लेकर कुंडलपुर जाने के लिए जैसे ही चालक ने बारातियों को बस से नीचे उतरकर टेक पर बस चालू करने के लिए रिवर्स की तो बंद बस के पावर ब्रेक नहीं लगने की वजह से बस सीधे सड़क से नीचे उतरते हुए पट्टी नंदलाल हनुमान जी मंदिर की पुलिया के नीचे खाई में गिर गई। बस के कांच चकनाचूर होकर बस क्षतिग्रस्त हुई है लेकिन यह हादसा खाली बस में होने की बजह किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की खबर नहीं है बारातियों को दूसरी बस की व्यवस्था करके अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया है।

**261 लोगो को मिला लाभ....**

# नेत्र परिक्षण एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन शिविर का आयोजन



**मड़यिादो**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़यिादो मे ओएनजीसी फ्रंटियर बेसिन देहरादून के अंतर्गत अनुग्रह दृस्टिदान स्वयं सेवी संस्था दिल्ली द्वारा आँखों की समस्या के इलाज हेतु निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे आधा दर्जन गाँवों के लोग आखों से जुडी समस्यायों का इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुचें और निशुल्क शिविर मे आँखों से जुडी समस्याओं से निजात पाई। इस दौरान मोतियाविन्द, दूर दृस्टि, निकट दृस्टि, आँखों मे लगातार खुजलाहट, सहित अन्य समस्याओं से जुड़े मरीज इलाज हेतु पहुचे। इलाज दौरान शिविर मे मरीजो की जाँच की गई।शिविर मे उपस्थित संस्था के मुख्य प्रबंधक परियोजना संजय ओटवाल, डॉ के सी आर्या,नेत्र चिकित्सक ड्रा अरविन्द नेमा और आनीश जैन नेत्र सहायक ने बताया की शिविर मे आँखों से जुडी समस्याओ के 261 मरीजो द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया जिनमे से मोतियाबिंद के 85 मरीज सामने आये जिनको मोतियाविन्द के निशुल्क ऑपरेशन की सलाह दी गई और देव जी नेत्रयालय जबलपुर भेजे गए। जिनका आवागमन, ऑपरेशन, दवाएं, चस्मा सब संस्था की और से निशुल्क रहेगा।इसी क्रम मे निशुल्क चश्मे और और दवाएं वितरित की गई।शिविर मे फार्मसिस्ट श्रीराम गोस्वामी, राकेश सोनी, , आशा कार्यकर्ता सोनम चोदह, रिंकी अग्रवाल, ममता कोरी सहित अन्य ने मदद की।

# 22 फरवरी को होगा हाजी इकरार उस्ताद स्मृति सम्मान समारोह

**दमोह**। दमोह में प्रतिवर्षानुसार होने वाले दमोह के स्व वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी और पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रहे समाज सेवी हाजी इकरार उस्ताद के नाम से आयोजित होनें वाले इक़रार उस्ताद स्मृति समारोह दमोह के उस्ताद' सम्मान -2025 का आयोजन 22 फरवरी दिन शनिवार शाम 7 बजे से स्थानीय मानस भवन से आयोजित होगा जिसमें जिले की प्रतिभाओं के



लिए सम्मानित किया जाएगा गौरतलब है कि समाज सेवी हाजी इकरार उल हक निधन 8 जनवरी 2015 को हुआ था तब से लेकर लगातार उनकी याद में दमोह जिले की अलग अलग क्षेत्रों में सरानीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता रहा है इस बार यह आयोजन 22 फरवरी को होनें जा रहा है जिसमें जिले की कई प्रतिभाएं मंच से सम्मानित होगीं जिन्हें दमोह के उस्ताद सम्मान से सम्मानित किया जाएगा ₹दमोह के शिक्षा, सामाजिक, क्रीड़ा व राजनैतिक क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व हाजी इकरार उस्ताद जी की दसवीं पुण्य तिथि पर भावपूर्ण स्मृति सम्मान समारोह कार्यक्रम में दमोह की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को दमोह के उस्ताद सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। आयोजन समिति के धर्मेश्वर प्रसाद मिश्र, अनवारूलहक उस्ताद, विवेक शेण्डेय, पंकजहर्ष श्रीवास्तव, ललित नायक, अंसार उस्ताद डॉ. आलोक सोनवलकर, मन्नू उस्ताद, राजीव अयाची, डॉ. नाज़िर खान, परवेज खान, जियाउलहक उस्ताद ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

**आज से मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास जी महाराज करेंगे कथा का वाचन**

# अजब धाम में विशाल कलश यात्रा से 27 कुंडली महायज्ञ का शंखनाद

**हटा**। अजब धाम में 20 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित जै जै सरकार वार्षिकोत्सव में होने जा रहे 27 कुंडीय सीताराम महायज्ञ का शंखनाद बुधवार की शाम विशाल भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञशाला से किया गया जो देवश्री रामकौमार सरकार मंदिर के मुख्य द्वार से होकर ग्राम की बड़ी खेर नन्नी खेर से होती हुई बाजार से मुख्य द्वार होते हुए यज्ञस्थल पर पहुंची जहां पर विधि विधान के साथ आचार्य पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन कर किया गया इसके पूर्व पंडितों द्वारा 27 कुंडी महायज्ञ में आहुति देने वाले यजमानों द्वारा विधि विधान के साथ पूजन किया गया। कलश यात्रा में भगवान श्री रामलला की झांकी के साथ जै जै सरकार की अलौकिक झांकी शोभायमान हो रही थी महिलाएं कन्याएं अपने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में चल रही थी साथ में भक्तजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा में आगे आगे सागर से पहुंची बुंदेलखंड की प्रसिद्ध ढपली रमतूला पार्टी एवं उज्जैन महाकाल नगरी से भस्म रमैया भक्त मंडल बैंड पार्टी द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए कलश यात्रा में लोगों को मंत्र मुग्ध कर रहे थे। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तजन समस्त यज्ञ मंडल के यजमान अपने परिजनों के साथ समूचे क्षेत्र से पहुंचे महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।





### आज से होगा श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

जै जै सरकार की पावन स्थली अजब धाम में 20 फरवरी से 2 मार्च तक होने वाले जै जै सरकार वार्षिक महोत्सव 2025 के आयोजन आज से 27 कुंडीय महायज्ञ सुबह 8 से शुभारंभ होगा इसके उपरांत दोपहर 3 बजे से देश के विख्यात कथावाचक मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जावेगा। एवं रात्रिकालीन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रोजाना आयोजन किया जावेगा।

## शिक्षक प्रमोद शुक्ला का निधन

**सिंग्रामपुर**। जबेरा जनपद के ग्राम सिंग्रामपुर निवासी शिक्षक प्रमोद शुक्ला का विगत दिनों एक्सीडेंट हो गया था जिनका उपचार जबलपुर की मन्नू लाल निजी अस्पताल में उपचार चल रहा जिनका आज



दुखद निधन हो गया। जिसकी खबर लगाते गृह ग्राम सिग्रामपुर में शोक लहर फैल गई। दिवंगत आत्मा रिटायर शिक्षक रामसेवक शुक्ला के बड़े पुत्र है। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है जिनका अंतिम संस्कार सिग्रामपुर मुक्तिधाम में किया गया। सभी वर्ग के लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन 20 एवं 21 फरवरी को

**दमोह**। शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में आज 20 एवं 21 फरवरी को महाविद्यालय का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। आज 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे मेहंदी, रंगोली एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसी के साथ 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे से समूह नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।